संक्षिप्त

रामअवतार बने तहसील अध्यक्ष

निवाई, (निसं)। शिवाजी कॉलोनी स्थित तेजाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को तहसील माली समाज की बैठक जिला अध्यक्ष माली समाज कैलाश मोरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रामअवतार सैनी को तहसील अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इसके बाद शहर अध्यक्ष के पद पर रामसहाय मुंशी, पूर्व तहसील सम्मेलन समिति के अध्यक्ष पद पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष दुर्गालाल सैनी, माली समाज विकास संस्था के अध्यक्ष पद पर मूलचंद सैनी, माली समाज विकास संस्था के कोषाध्यक्ष पद पर पार्षद बाबूलाल सैनी को सर्व सम्मती से नियुक्त किया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर 15 दिन में कार्यभार संभालने का निर्णय लिया गया।

करंट लगने से युवक की मौत

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम टमोरीवास में मंगलवार अल सुबह कृषि कार्य करते वक्त करन्ट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार राजेश पुत्र बनवारी लाल गुर्जर ने दर्ज करवाया कि उसका भाई रामकिशन (20) मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घर से खेत में कृषि कार्य के लिए गया था। जहाँ पाईप लाईन बदलते वक्त खेत में से जा रही 11 हजार केवी की विधुत लाईन का तार अचानक उस पर टुट कर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। जिसे परिजन यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

टोंक, (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने राजस्व से सम्बन्धी विभिन्न बिंदुओं की उपखंडवार समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने वसूली, एलआर एक्ट, धारा 91 के प्रकरण, गैर खातेदारी से खातेदारी, पीएलपीसी में दर्ज प्रकरण सहित सिवायचक एवं चारागाह भूमि में किये गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ एवं कार्यवाहक एडीएम देशलदान, एडीएम बीसलपुर प्रभाती लाल जाट सहित सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

प्रकाश अडाले का स्वागत किया

कोटपूतली, (निसं)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त सदस्य प्रकाश अडाले व अलवर नगर परिषद के पूर्व सभापति मुकेश सारवान का मंगलवार को अलवर जाते वक्त नगर परिषद पार्षद ताराचंद वाल्मिकी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने उनका माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ. सुन्दर घोंघले, एड. अशोक, किशन लाल, नीटु, अमरनाथ, मालसिंह, विकास, मनीष, पवन, शिवा, रामलाल, जीतु, मनमोहन व अनुराज वाल्मिकी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मिनि मैराथन दौड़ का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के संयुक्त तत्वावधान में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा के निर्देशानुसार हक हमारा भी तो है आजादी 75 अभियान के तहत मंगलवार को तालुका मुख्यालय स्तर पर राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में मिनि मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य न्याय पालिका लोगों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए तत्पर है। इस दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम निलेश चौधरी, एएमजेएम मीनाक्षी अग्रवाल, एसआई रविन्द्र कुमार, पनियाला एसएचओ हितेश शर्मा, एएसआई रामसिंह, नरेश कुमार, रामचन्द्र, हैड कानि. दयाराम, रामसिंह, विक्रम, नागेश प्रसाद, मनीष कुमार गुर्जर, कुलदीप सिंह, संदीप, रमेश यादव, मुकेश कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुमार, बहादुर सिंह, रामफूल, जगत, मनोज, विनोद कुमार, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, राजकमल बसीठा, दीक्षा शर्मा, महेश सैन, सत्यदेव शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

शादी समारोह में गये युवक की संदिग्ध मौत का मामला गहराया

- कुम्हार महासभा के पदाधिकारियों के नेतृत्व में लोगों ने थाने का घेराव किया
- जल्द से जल्द निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुम्हार महासभा के पदाधिकारियों ने थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के बानसूर रोड पर विगत 4 नवम्बर की मध्य रात्रि को मौहल्ला बड़ाबास निवासी एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

मामले को लेकर मृतक युवक विकास (20) के पिता प्रकाश चंद कुमावत ने स्थानीय थाने में विगत 5 नवम्बर को नामजद मामला दर्ज करवाया था। हालांकि पुलिस द्वारा दोनों नामजद आरोपियों सहित अन्य 4-5 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है।

जिसको लेकर एक बार फिर मंगलवार को मृतक युवक के परिजनों सहित राजस्थान कुम्हार महासभा के पदाधिकारियों व वार्डवासियों ने स्थानीय थाने का घेराव कर मामले में जल्द से जल्द निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की। इस सम्बंध में राजस्थान कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दूल्हेपुरा, सेवानिवृत आरएएस बीएल बासनीवाल, प्रदेश सचिव हेमराज प्रजापत व मृतक के पिता प्रकाश चंद कुमावत ने एएसपी विधा प्रकाश व एसएचओ सवाई सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया कि मामले में आरोपी ऊंची राजनैतिक रसुखात वाले हैं। जिसके चलते गहनता से जांच व कार्यवाही नहीं की जा रही है। मृतक युवक का पिता एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है, जिसके 4 पुत्रियों सहित एक पुत्र है जिसकी हत्या कर दी गई है। पूर्व में भी सर्वसमाज के लोगों ने राजकीय बीडीएम अस्पताल व कोटपूतली थाने पर धरना प्रदर्शन किया था। जिस पर यह आश्वासन मिला था कि मामले में जल्द ही कार्यवाही होगी।

परिजनों का आरोप है कि मामले में ना तो पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच की जा रही है और ना ही आरोपीयों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। परिजनों का यह भी आरोप है कि मृतक युवक के शरीर पर ना केवल चोट के निशान थे बल्कि मृतक युवक के जूते, मोजे, अण्डरवियर तक गायब थे जिसमें पुलिस ने मृतक के जूते व मोजे तो बरामद कर लिये है लेकिन अभी तक मृतक की अण्डरवियर तक बरामद नहीं की गई है। आरोप है कि आरोपीयों ने मृतक को अस्पताल में लावारिश बता कर भर्ती करवाया जबकी उसकी कथित हत्या के बाद आरोपीयों ने उसका मोबाईल भी फेंक दिया। लेकिन पुलिस अभी मृतक युवक की मौत के बारे में किसी भी तरह की जानकारी देने से बच रही है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश की स्थिती बनी हुई है। कुम्हार महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दो दिवस में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो सर्वसमाज द्वारा धरना प्रदर्शन कर कोटपूतली बंद का आह्वान किया जायेगा। इस दौरान राजा दक्ष प्रजापति छात्रावास के अध्यक्ष मामचंद ठेकेदार, धर्मपाल प्रजापत, दयाराम प्रजापत, पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला, मनोज पायला, मुकेश, चन्द्र प्रजापत, महावीर प्रजापत, सुनील कुमावत, एड. टिंकु प्रजापत, बलवीर गुर्जर समेत अन्य मौजूद थे।

सर्विस रोड के नाले कचरे से भरे

पावटा, (निसं)। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा शहर के राजमार्ग 48 पर बने दोनों तरफ बने सर्विस रोड के बरसाती नाले कचरे से अटे हुए हैं।

नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा नालों की सफाई के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इन दावों से हकीकत कोसों दूर है। खासतौर पर पुराने शहर के बरसाती नाले बदहाल हो चुके हैं। नालों की सफाई के साथ इनकी मरम्मत करने की भी जरूरत है। लेकिन सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानसून की वर्षा के दौरान शहर के क्या हालात होंगे। शहर के नालों में कचरा भरा है। इनकी सालाना सफाई फर्ज अदायगी तक सिमटी है। ऐसे में इस बार भी बारिश में जल भराव के चलते सर्विस रोड सहित मुख्य बाजार की सडके टापू बन जाती है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में राजमार्ग 48 पर बने दोनों तरफ बने सर्विस रोड के बरसाती नालो की वार्षिक सफाई की जिम्मेदारी नगरपालिका की है। तकरीबन सभी नाले अतिक्रमण की चपेट में हैं। आधुनिक जीवन शैली और प्लास्टिक के अधिक प्रयोग के चलते सारा कचरा नालों में डाला जाता है। स्थिति यह है कि दोनों किनारों पर नाले चोक हैं।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान में हुए विभिन्न कार्यक्रम

डिग्गी में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज के ससंघ के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना हुई।

मालपुरा, (निसं)। अग्रवाल समाज आम चौरासी एवं वर्षायोग समिति डिग्गी के तत्वावधान में अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में आयोजित सिद्ध चक्र मंडल विधान के अन्तर्गत विभिन्न आयोजन हुए। विमल जैन कठमाणा ने बताया कि आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज ससंघ की उपस्थिति में आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अन्तर्गत मंगलवार को धर्म आराधना करते हुए जैन भजनों की स्वर लहरियों के साथ-साथ शांतिनाथ भगवान को 1024 अर्द्धय समपित किये गये। बुधवार को प्रातः 7 बजे ने नित्या अभिषेक, शांति धारा पूजन एवं 108 कुण्डीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा। दोपहर साढे बारह बजे वर्षायोग समापन पर पिच्छिका परिवर्तन मंगल कलश के सौभाग्यशाली पात्र का चयन किया जायेगा।

दो हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बहरोड़/मुंडावर, (निसं)। जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र के मुंडावर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने 10 जून 2022 को पुलिस जाब्ते पर रात्रि के समय हमला करने वाली व मोटरसाइकिल लूट गैंग के 2000 रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि 10 जून 2022 को रात्रि के समय अजरका पुलिस चौकी के जाब्ते के साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल लूटने की घटना हुई थी।

जिसका पर्दाफाश करते हुए मुंडावर थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित द्वारा 2000 रुपए के इनामी बदमाश विकेश उर्फ विक्की पुत्र सूरत सिंह जाट निवासी पनवाड थाना बावल जिला रेवाड़ी हरियाणा को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया जा रहा है।

वहीं शेष आरोपी गीलू उर्फ अजय जाट पुत्र सुरेश निवासी बावल जिला रेवाड़ी तथा गौरव पुत्र रोहिताश जाट निवासी मांगा का माजरा थाना कोटकासिम जिला अलवर एवं तीसरे आरोपी विशाल पुत्र उदय जाट निवासी रेवाड़ी जिला रेवाड़ी हरियाणा की तलाश जारी है।

'भारत जोड़ो यात्रा की जनसभा ग्रामीण क्षेत्र में होगी'

अलवर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की आगामी माह की 19-20 दिसम्बर को प्रस्तावित भारत जोडो यात्रा की ऐतिहासिक विशाल जनसभा अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 19 दिसम्बर को भारत जोडो यात्रा राजस्थान के दौसा जिले के बसवा के रास्ते होते हुए अलवर जिले में प्रवेश करेगी। आज कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मालाखेडा में राज्य स्तरीय सभा के लिए जगह चिन्हित करने के लिए मौका मुआयना किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य की सबसे बडी विशाल जनसभा मालाखेडा में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के राजस्थान संयोजक मंत्री गोविन्दराम मेघवाल एवं राहुल गांधी की यात्रा की जिम्मेदारी संभाल रहे उनके निजी सचिव सुशांत सिंह व पार्टी पदाधिकारियों के साथ राहुल गांधी की यात्रा के दौरान किए जाने वाले रात्रि प्रवास को लेकर मालाखेडा, राजगढ, सुरेर व रामगढ क्षेत्र का दौरा किया। टीम ने तैयारियों का एक रोड मैप तैयार किया है। रोड मैप पर मंथन कर व्यवस्थाओं व कार्यक्रम को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर को राजस्थान प्रदेश के कोटा, झालावाड के रास्ते यह यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। तत्पश्चात् रामगढ नौगांवा होते हुए भारत जोडो यात्रा हरियाणा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कन्याकुमारी से शुरू हुई इस यात्रा से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। ना केवल कांग्रेसी बल्कि सभी भारत वासियों में भारत जोडो इस यात्रा से एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

प्रत्याशी चयन के लिए बनाई कमेटी

लालसोट, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 में पार्षद के देहांत के बाद रिक्त हुई सीट पर होने वाले चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा एक कमेटी का निर्धारण किया गया है। प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका लालसोट के पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ने बताया कि चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा बनाई गई कमेटी में पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राड़ा, शंभू बेरवा होंगे। नगर पालिका लालसोट के वार्ड नंबर 30 के लिए प्रत्याशी चयन के लिए चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के द्वारा कमेटी बनाई गई। वार्ड के लोगों से संपर्क कर प्रत्याशी का पैनल बनाकर 12 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट मंत्री मीणा के समक्ष पेश करेगी।

सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यालयों को 42 लाख स्वीकृत

- राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने विधायक कोष से 6 विद्यालयों को राशि स्वीकृत की

दौसा, (निसं)। कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने स्थानीय विधायक कोष से बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले विधानसभा क्षेत्र के 6 विद्यालयों को 42 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

इधर विधायक की अनुशंषा पर जिला परिषद ने 42 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है।

जिला निष्पादन समिति के सदस्य अक्षय सक्सैना ने बताया कि राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को विधायक कोष से राशि देने की घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलवास को ग्यारह लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानवास को नौ लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खूरी कला को सात लाख रुपए, आनंद शर्मा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा को पांच लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदराना को तीन लाख रुपए तथा संस्कृत शिक्षा विभाग में बोर्ड परीक्षा का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मानपुरिया कोठया को सात लाख रुपए की राशि दी गई है। उन्होने बताया कि जिला परिषद द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

नगर परिषद दस्ते ने छावनी चौराहे से अतिक्रमण हटाया

- इंदिरा रसोई का फुटपाथ पर अस्थाई निर्माण कर उद्घाटन किया जाना था
- आक्रोशित लोगों ने सूचना या नोटिस तक नहीं देने का लगाया आरोप

नगर परिषद ने रसोई परिसर के आसपास की सड़कों से अतिक्रमण हटाया।

टोंक, (निसं)। छावनी चौराहे के समीप इंदिरा रसोई के उद्घाटन से पूर्व नगर परिषद ने रसोई परिसर के आसपास सड़कों पर सब्जी, फल-फ्रूट के ठेलों को बल प्रयोग कर हटा दिया गया।

जानकारी के अनुसार इंदिरा सर्कल के पास परिषद द्वारा इंदिरा रसोई के संचालन के लिय फुटपाथ पर अस्थाई निर्माण कर मंगलवार को इसका उद्घाटन किया जाना था। ऐसे में नगर परिषद की आयुक्त अनीता खीचड़ के नेत्तृव में परिषद के दस्ते ने आसपास सड़क किनारे कई सालों से शब्जी, फल-फ्रूट बेचते आ रहे लोगों को वहां से हटने के लिय कहते ही लोगों ने परिषद की कार्यवाही का यह कहकर विरोध करना शुरू कर दिया कि वह लोग बरसों से यहां रोजी-रोटी कमा रहे हैं।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इंदिरा रसोई के लिय परिषद ने खुद नियम कायदे ताक में रखकर फुटपाथ पर ही रसोई के लिय अस्थाई निर्माण कर दिया है। लोगों का विरोध बढ़ते देख मौके पर पहुंचे पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह, यातायात पुलिस आदि जाप्ते की मदद से नगर परिषद ने हल्का बल प्रयोग कर शब्जी-ठेले वालों को वहां से खदेड़ दिया।

जिसके बाद लोग और आक्रोशित हो गये तथा कहने लगे कि उन्हें हटाने से पहले कोई सूचना या नोटिस तक नहीं दिये गये हैं। इधर इस मामले में टोंक नगर परिषद आयुक्त अनिता खींचड का कहना है कि नगर परिषद द्वारा सड़क व फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है, उन्होंने कहा की नगर परिषद की ओर से शहर में अलग-अलग स्थानों पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

एसटी मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

टोंक, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी एस टी मोर्चा गहलोद मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष लोकेश कुरेडा ने की। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

मंडल लोकेश मीणा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र, जिला संगठन प्रभारी सऊदी सैनी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र पराना, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष राजकुमार मीणा के आदेश अनुसार गहलोद मंडल एस टी मोर्चा की कार्यकरणी घोषित की है।

इसमें महामंत्री मोहन लाल मीणा देवरी, राजेश मीणा नानेर, उपाध्यक्ष कमलेश मीणा सिसोला, रामभजन मीणा मुडिया, सुरेश मीणा पासरोटिया, कन्हैया लाल मीणा मालपुरा , मंत्री राजेश मीणा कुरेडी, नारायण मीणा किशनपुरा, राजेश मीणा किशनपुरा, प्रवक्ता प्रहलाद मीणा कुरेडा के रूप में की गई। साथ में पार्टी हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए।

सार-समाचार

नहर लाने की पदयात्रा का स्वागत

बहरोड़/मुंडावर, (निसं)। अलवर जिले की नव घोषित नगर पालिका क्षेत्र नीमराना तथा नजदीकी गांवों में मुंडावर के पूर्व विधायक स्वर्गीय मेजर ओपी यादव की पत्नी कविता यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा मुंडावर में कृषि भूमि हेतु नहर का पानी लाने के पद यात्रियों का स्वागत किया। गौरतलब है कि अलवर जिले के मुंडावर क्षेत्र में नहर का पानी लाने के पदयात्री जैसे ही नीमराना क्षेत्र के नाघोड़ी, सिलारपुर आदि गांवों में पहुंचे तो मुंडावर के पूर्व विधायक स्वर्गीय मेजर ओपी यादव की पत्नी के नेतृत्व में मोजीराम यादव तथा सैकड़ों ग्रामीणों ने पद यात्रियों को चौपाल ले जाकर पारंपरिक रूप से स्वागत करने के बाद जब नवघोषित नगरपालिका नीमराना में बावड़ी पर पदयात्रा पहुंचे तो पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मुद्गल व पूर्व सरपंच सतीश मुद्गल नीमराना के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने साफा और मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

माण्डकला मेला का शुभारंभ

टोंक, (निसं)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर माण्डव ऋषि की तपोभूमि मिनी पुष्कर माण्डकला में आयोजित विशाल पशु व व्यापारिक मेला 2022-23 का शुभारम्भ टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल व जिला परिषद सदस्य हंसराज गुंजल, सरपंच नगरफोर्ट बंटी सोयल, वार्ड पंच ने ध्वजारोहण कर किया। जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने पवित्र सरोवर पर देव दर्शन एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जिला प्रमुख टोंक ने मेले में लग रही दुकानों का अवलोकन कर मेले में खरीददारी भी की। जिला प्रमुख का मेला स्थल पर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर, माला पहनाकर व शॉल ओढाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद सदस्य हंसराज गुंजल, सरपंच नगरफोर्ट बंटी सोयल, कार्यवाहक तहसीलदार दशरथ सिंह मीना, ग्राम विकास अधिकारी आलोक माहेश्वरी, वार्ड पंच कमलेश गौत्तम, वार्ड पंच प्रतिनिधि हनुमान साहू, लालचन्द बसंल, छितर सैन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

थानाधिकारी ने पदभार संभाला

नारायणपुर, (निसं)। नारायणपुर थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत के स्थानान्तरण के पश्चात नए लगे थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने नारायणपुर पुलिस थाने का पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाला हैं। थानाधिकारी चतुर्वेदी के पदभार ग्रहण करने पर पूर्व पंचायत समिति धुडाराम यादव के सानिध्य में कस्बे के लोगों ने साफा और माला पहनाकर मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर थानाधिकारी चतुर्वेदी ने बताया कि अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर सतीश शर्मा, राकेश सैनी, अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद थे। इधर ब्राह्मण समाज के लोगों ने भी थानाधिकारी का माला व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

ब्राह्मण समाज की इकाई गठित

पावटा, (निसं)। ग्राम भांकरी परिक्षेत्र इकाई गठन के लिए तहसील पावटा ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बालिका शिक्षा, समाज में व्याप्त कुरीतियां एवं शिक्षा के स्तर को सुधारने संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा की सर्वसम्मति से भांकरी परिक्षेत्र इकाई का गठन करते हुए भांकरी तहसील ब्राह्मण महासभा इकाई का संरक्षक मुरारीलाल शर्मा को नियुक्त कर कार्यकारिणी गठित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर विप्र समाज से शंभू दयाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा, शंकर दत्त शर्मा, शशिभूषण भारद्वाज, सुभाष चंद शर्मा, सतीश कुमार शर्मा, गजानंद टीलावत, एडवोकेट विष्णु कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा सहित विप्रो जनों ने कार्यकारिणी का गठन किया।

गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया

पावटा, (निसं)। संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा कर समिति के वरिष्ठ सदस्य का जन्मदिन मनाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को समिति के वरिष्ठ सदस्य सीए रमन सैनी के जन्मदिवस के अवसर पर समिति के सदस्य बडनगर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला पहुंचे और गौ सेवा कर सीए रमन सैनी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन ने कहा कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है। सीए रमन सैनी ने कहा कि समिति सदस्यों द्वारा इस प्रकार गौ सेवा करते हुए जन्मदिन मनाया बहुत अच्छा लगा। इस अवसर पर सरपंच रामकरण यादव, संकल्प हरियाली समिति के संयोजक नीरज सैन, संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति संयोजक सुभाष यादव, पंकज जिन्दल, रोहित शर्मा, राहुल सिंघल, निलेश चौधरी, उमेश अग्रवाल, बलवीर यादव, राव मुकेश यादव, गोशाला प्रबंधक गोकुल सारण, हनुमान सारण, प्रभूराम, थालोड़, सूरजाराम जाट, बाघाराम जाट सहित बडी संख्या में समिति सदस्य एवं गोशाला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आत्महत्या के मामले में पति गिरफ्तार

मालपुरा, (निसं)। रिंडलिया ग्राम पंचायत के पीमुण गांव स्थित मोग्या ढाणी में सोमवार को विवाहिता की गोली लगने से हुई मौत के बाद विवाहिता के पिता की ओर से दी गई रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि बीते दिन सोमवार को मोग्या ढाणी निवासी ललीता उर्फ मोना पत्नी रामजीलाल की छाती में बंदुक की गोली लगने से हुई मौत के बाद मंगलवार को मालपुरा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा गया। थानाधिकारी ने बताया कि विवाहिता की मौत के बाद पिता की ओर दी गई रिपोर्ट में पति द्वारा पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए दी रिपोर्ट व मौके से बरामद की गई बिना लाईसेन्स की दुनाली बंदुक रखने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पति रामजीलाल मोग्या को गिरफ्तार किया गया।

क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत पहाडी में रक्षण परियोजना के तहत एक दिवसीय ग्राम पंचायत विकास योजना विकसित करने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभा सदस्यों का क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहाड़ी सरपंच आशा देवी जाट, वार्ड पंच मौसमी मीणा, रमेश जाट, उपसरपंच सीताराम बलाई, ग्राम विकास अधिकारी ज्योति मीणा, समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगियों, पंचायत सहायक भंवरलाल बैरागी सहित ग्राम सभा सदस्यों की भागीदारी रही। जिसमें ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी के बारे में बताया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को बाल हितेषी पंचायत बनाने स्वच्छ व हरित पंचायत बनाने, स्वच्छ पेयजल से युक्त एवं हिंसा मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए सरकार की 9 थीम पर चर्चा की गई।